दिनांकः 30.03.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर से

- लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए नाम वापसी का आज आखिरी दिन।
- कांग्रेस ने राजमसंद से डॉ. दामोदर गुर्जर और भीलवाड़ा से डॉ. सी.पी. जोशी को अपना उम्मीदवार बनाया।
- राजस्थान का 75वां स्थापना दिवस आज–राज्यभर में कई कार्यक्रमों का आयोजन।
- प्रदेश में कल कुछ जिलों में तेज़ आंधी के साथ बारिश–आज 11 जिलों में तेज़ हवाएं चलने और बिजली गिरने की चेतावनी।

000

लोकसभा चुनाव के पहले चरण के तहत प्रदेश की 12 लोकसभा सीटों के लिए नाम वापसी का आज आखिरी दिन है। नाम वापसी का समय समाप्त होने के बाद नामांकन प्रक्रिया पूरी हो जाएगी और प्रत्याशियों की स्थिति स्पष्ट होगी। दूसरे चरण के तहत राज्य की 13 सीटों पर नामांकन जारी है। कोटा से कांग्रेस प्रत्याशी प्रहलाद गुंजल सहित आज भी कई प्रत्याशियों के पर्चा दाखिल करने का कार्यक्रम है। इस चरण के लिए चार अप्रेल तक नामांकन भरे जा सकेंगे। पहले चरण के लिए 19 अप्रैल को जबकि दूसरे चरण के लिए 26 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे।

000

कांग्रेस ने राजसमंद लोकसभा सीट पर अपना प्रत्याशी बदला है। पार्टी की ओर से कल जारी की गयी सूची में राजसमंद सीट से डॉ. दामोदर गुर्जर को प्रत्याशी बनाया गया है। उन्हें पहले भीलवाड़ा सीट से टिकट दिया गया था। जबकि भीलवाड़ा सीट से अब डॉ. दामोदर गुर्जर के स्थान पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सी.पी. जोशी पार्टी की ओर से चुनाव लड़ेंगे। गौरतलब है कि पार्टी की ओर से राजसमंद के लिए घोषित प्रत्याशी सुदर्शन सिंह रावत ने चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया था। इसके बाद पार्टी को यह फैसला करना पड़ा। कांग्रेस ने बांसवाड़ा सीट पर अभी भी अपने प्रत्याशी का ऐलान नहीं किया है। वहीं भाजपा को भीलवाड़ा सीट पर अपने प्रत्याशी के नाम की घोषणा करनी है। इस बीच, भाजपा ने बागीदौरा सीट पर विधानसभा उपचुनाव के लिए सुभाष तम्बोलिया को अपना प्रत्याशी बनाया है। श्री तम्बोलिया हाल ही में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे।

000

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर प्रदेश में पुलिस, एक्साइज, नारकोटिक्स और आयकर विभाग ने एक मार्च से अब तक 390 करोड़ रुपये कीमत की जब्तियां की हैं। इनमें नशीली दवाएं, शराब, कीमती धातुएं, मुफ्त बांटी जाने वाली वस्तुएं और अवैध नकद राशि शामिल है। आचार संहिता लागू होने के बाद 16 मार्च से अब तक ढाई सौ करोड़ रुपये से ज्यादा कीमत की जब्तियां की जा चुकी हैं। चूरू के सरदार शहर में पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान एक ट्रक से अवैध डोडा पोस्त बरामद किया है, जिसकी बाजार में कीमत डेढ़ करोड़ रुपये बतायी जा रही है।

000

राज्य में भयमुक्त और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए निर्वाचन विभाग पूरी तैयारियों के साथ मैदान में है। निर्वाचन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 16 मार्च से अब तक सी विजिल एप के माध्यम से 2 हजार 162 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। इनमें से 778 शिकायतें सही पाई गयी हैं, जबकि 741 शिकायतों का निस्तारण किया जा चुका है। शिकायतों का सबसे ज्यादा निपटारा टोंक जिले में किया गया है। वहीं बीकानेर में भयमुक्त मतदान के लिए पुलिस की ओर से कल फ्लैग मार्च निकाला गया।

000

लोकसभा चुनाव में लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से निर्वाचन विभाग प्रदेशभर में स्वीप गतिविधियां आयोजित कर रहा है। इसी कड़ी में आज सुबह अलवर में चुनाव का पर्व, देश का गर्व कार्यक्रम के तहत शहर के कम्पनी बाग से इंदिरा गांधी स्टेडियम तक साइकिल रैली निकाली गयी। रैली को जिला स्वीप अधिकारी प्रतिभा वर्मा ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

000

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आकाशवाणी समाचार जयपुर की ओर से मतदाता जागरूकता के लिये संदेश श्रृंखला चलायी जा रही है। इसमें श्रोता संदेश भेजकर आमजन को वोट डालने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। श्रोता अपने संदेश रिकॉर्ड कर या टाईप कर व्हॉट्सअप नम्बर 94140–52368 पर भेज सकते हैं। चुनिन्दा संदेशों को समाचार बुलेटिनों में स्थान दिया जा रहा है। इसी कड़ी में आज सुनिये ब्यावर से हमारे श्रोता का संदेश –

000

राजस्थान आज अपना 75वां स्थापना दिवस मना रहा है। इस अवसर पर राज्यभर में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। जयपुर के जवाहर कला केंद्र के शिल्पग्राम में फूड और क्राफ्ट बाजार का आयोजन किया जा रहा है। वहीं आज सांस्कृतिक संध्या होगी। इसमें प्रदेश के कई अंचलों के कलाकार लोक गीतों के साथ लोक नृत्यों की प्रस्तुति देंगे। बारां में आज खेल संकुल में सुबह के समय रन फॉर राजस्थान वोट मैराथन का आयोजन किया गया। भरतपुर के कैवलादेव राष्ट्रीय उद्यान में पर्यटकों का शहनाई वादन के साथ टीका लगाकर स्वागत किया जा रहा है। साथ ही राजकीय संग्रहालयों में पर्यटकों और विद्यार्थियों को निःशुल्क भ्रमण कराया जा रहा है। बीकानेर में राजस्थान के एकीकरण में ''जनचेतना के स्वर'' विषय पर व्याख्यान आयोजित किया जा रहा है।
वहीं राजस्थान राज्य अभिलेखाकार में ''स्वदेश, स्वाधीनता और युवा सिपाही'' पर आधारित प्रदर्शनी लगायी गयी है। हमारे सवाईमाधोपुर संवाददाता ने बताया कि जिला प्रशासन और पर्यटन विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रमों में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम भी आयोजित किये जा रहे हैं।

000

राजस्थान दिवस पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि गौरवशाली अतीत, जीवंत लोक संस्कृति और शौर्य की भूमि राजस्थान का राष्ट्र की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान है। राज्यपाल कलराज मिश्र ने भी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह दिवस दिवस सद्भाव की हमारी संस्कृति को सहेजने वाला है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने शुभकामना संदेश में प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत और समृद्ध परम्पराओं को अक्षुण्ण बनाए रखने का आह्वान किया।
गौरतलब है कि राजस्थान को ब्रिटिश हुकूमत में 'राजपुताना' के नाम से जाना जाता था। अलवर, भरतपुर, धौलपुर, करौली, जयपुर, जोधपुर, जैसलमेर और बीकानेर की रियासतों को 7 चरणों में एकीकृत कर इस संघीय ढांचे को 30 मार्च 1949 को अंतिम रूप दिया गया और जयपुर को इसकी राजधानी बनाई गई। इस साल राजस्थान अपनी स्थापना की हीरक जयंती मना रहा है।

000

राष्ट्रपति दौपदी मुर्मु आज राष्ट्रपति भवन में भारत रत्न पुरस्कार प्रदान करेंगी। पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, पी.वी. नरसिम्ह राव, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर और प्रख्यात वैज्ञानिक एम.एस. स्वामीनाथन को मरणोपरान्त भारत रत्न दिया जाएगा। पूर्व उपप्रधानमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता एल. के. आडवाणी को भी देश के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया जाएगा।

000

राज्य में बीते दो तीन दिनों पड़ी तेज गर्मी के बाद कल शाम मौसम में अचानक बदलाव देखा गया। धौलपुर में कल तेज आंधी के साथ कई स्थानों पर बारिश हुई और ओले गिरे। इससे गेहूं और सरसों की फसलों को नुकसान पहुंचा है। कोटा में भी कल शाम कहीं हल्की तो कहीं तेज बारिश होने के समाचार मिले हैं। इससे तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है। बूंदी और श्रीगंगानगर में देर रात मौसम में आए बदलाव के बाद बूंदाबांदी हुई। बारां में भी दिनभर बादल छाए रहे। मौसम केन्द्र जयपुर ने आज जयपुर, भरतपुर, जोधपुर और बीकानेर संभाग के 11 जिलों में तेज हवाओं के साथ बिजली गिरने की चेतावनी जारी की है। साथ ही इन जिलों में हल्की वर्षा होने की संभावना भी है।

000